वेबसाईट : www.abvp.org
पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 24 जुलाई 2023

-:शोक संदेश:-

अभाविप की ध्येय यात्रा के दैदीप्यमान यात्री मा. मदनदास देवी जी का परलोकगमन।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सह-सरकार्यवाह, कुशल संगठक माननीय मदनदास देवी जी का आज 24 जुलाई 2023 को प्रातः 05.05 बजे कर्नाटक के बंगलुरु में शरीर शांत हुआ। माननीय मदनदास जी का निधन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद परिवार, शुभचिंतकों के लिए अतीव पीड़ादायक है, उनके निधन से अभाविप कार्यकर्ताओं ने अभिभावक तुल्य छत्र खोया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की आरंभिक यात्रा से ही उनकी प्रमुख भूमिका ने संगठन को प्रभावशाली अखिल भारतीय स्वरूप व दिशा दी।

मा. मदनदास जी का जन्म अभाविप के स्थापना दिवस अर्थात् 9 जुलाई के दिन ही सन् 1942 ई. में हुआ था, वे मूलत: महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के करमाळा गांव से थे। प्राथमिक शिक्षा के उपरांत उच्च शिक्षा हेतु मदनदास जी ने पुणे के प्रसिद्ध बीएमसीसी कॉलेज में सन् 1959 ई. में प्रवेश लिया, एमकॉम के बाद आईएलएस लॉ कॉलेज से एलएलबी की शिक्षा प्राप्त की, एलएलबी में उन्हें स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ, उन्होंने बाद में चार्टर्ड अकाउंटेंट की शिक्षा भी प्राप्त की थी। पुणे में पढ़ाई के दौरान वरिष्ठ बंधु श्री खुशालदास देवी की प्रेरणा से वे संघ संपर्क में आए। सन् 1964 ई. से मुंबई में उन्होंने अभाविप में कार्य प्रारंभ किया व सन् 1966 ई. में अभाविप मुंबई इकाई के मंत्री हुए।

श्री मदनदास जी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की योजना से दिए गए प्रथम प्रचारक थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कर्णावती राष्ट्रीय अधिवेशन (सन् 1968 ई.) में उनकी पश्चिमांचल क्षेत्रीय संगठन मंत्री के रूप में दायित्व की घोषणा हुई। सन् 1970 ई. में सम्पन्न हुए तिरूवनंतपुरम राष्ट्रीय अधिवेशन में मदनदास देवी जी ने अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री का गुरूतर दायित्व संभाला, सन् 1970 ई. से सन् 1992 ई.के मध्य अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री के रूप में मदनदास देवी जी की दूरदर्शिता तथा सतत् प्रयासों से अभाविप एक प्रमुख छात्र आंदोलन के रूप में स्थापित हुआ व विद्यार्थियों-युवाओं के माध्यम से राष्ट्र के प्रमुख विषयों में महत्वपूर्ण सकारात्मक व रचनात्मक हस्तक्षेप किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से युवाओं की संस्कारित पीढ़ी निर्माण में मदनदास जी की महती भूमिका रही। सन् 1992 ई. में उनकी योजना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दायित्व में हुई, उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में अखिल भारतीय सह-प्रचारक प्रमुख, सह-सरकार्यवाह जैसे गुरूतर दायित्वों का निर्वहन किया।

माननीय मदनदास देवी जी के निधन से आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं, पूर्व कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने अपना अभिभावक खो दिया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान, राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री श्री प्रफुल्ल आकांत, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रा. मिलिंद मराठे ने सभी अभाविप कार्यकर्ताओं की शोक संवेदनाओं को व्यक्त करते हुए माननीय मदनदास देवी जी की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। माननीय मदनदास देवी जी के जीवन-मूल्य व स्मृतियां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सतत् प्रवाहमान यात्रा में प्रेरणा तथा पथ-प्रदर्शक के रूप में हमेशा उपस्थित रहेंगी।

(यह शोक संदेश केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी किया गया है।)